# बीपीएसएमवी में गैर शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**पल पल न्यूजः खानपुर कलां (गोहाना) 16 सितंबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज से गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। सबसे पहले, मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार अध्यापक शिक्षण और अनुसंधान कार्यों के माध्यम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करते हैं, उसी प्रकार आप सब प्रशासनिक, प्रबंधकीय और तकनीकी जिम्मेदारियों के माध्यम से विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपकी निष्ठा, अनुशासन और परिश्रम ही वह आधार है, जिस पर हमारी उपलब्धियां निर्मित होती हैं। कुलपति ने कहा कि मुख्य उद्देश्य आपके कार्यक्षेत्र में नई तकनीकों, आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों और दक्षताओं से आपको परिचित कराना है। उन्होंने छात्र हितों की बात

# बीपीएसएमवी मे साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



पल पल न्यूज: खानपुर कलां (गोहाना) 16 सितंबर (अनिल जिंदल)। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंजीनियरिंग दिवस के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला विश्वविद्यालय के सिस्को नोडल अधिकारी डॉ. विनोद सरोहा के मार्गदर्शन में सिस्को नेटवर्किंग अकादमी तथा एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने शिरकत की। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारी व्यक्तिगत, शैक्षणिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय है। इंटरनेट और आधुनिक तकनीकों ने जहां हमें नई संभावनाएं और सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं इनके दुरुपयोग से कई गंभीर खतरे भी उत्पन्न हुए हैं। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक छात्रा, शिक्षक तथा कर्मचारी के लिए यह आवश्यक है कि वे साइबर सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझें और उनका पालन करें। सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना, संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करना और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहना ये सभी हमारी सुरक्षा की पहली सीढ़ियां है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय छात्राओं और कर्मचारियों को समय समय पर साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है , ताकि न केवल स्वयं को बल्कि समाज को भी सुरक्षित रख सकें। कुलपति ने कहा कि सुरक्षित डिजिटल वातावरण ही सशक्त और प्रगतिशील भारत की नींव है।

# गैर शिक्षण कर्मचारी होते हैं संस्थान की रीढ़ : कुलपति

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में मंगलवार से गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। विवि के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारियों ने भाग लिया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि गैर शिक्षण कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार अध्यापक शिक्षण और अनुसंधान कार्यों के माध्यम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करते हैं उसी प्रकार आप सब प्रशासनिक, प्रबंधकीय और तकनीकी जिम्मेदारियों के माध्यम से विवि के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संवाद



**खानपुर कलां स्थित महिला विश्वविद्यालय में संबोधित करतीं कुलपति प्रो. सुदेश।** स्रोत : विवि

भगत फूल सिंह महिला विवि में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# गैर शिक्षण कर्मचारी होते संस्थान की रीढ़ : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में मंगलवार से गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। विवि के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारियों ने भाग लिया। कुलपति ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार अध्यापक शिक्षण और अनुसंधान कार्यों के माध्यम से विवि की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करते हैं उसी प्रकार आप सब प्रशासनिक, प्रबंधकीय और तकनीकी जिम्मेदारियों के माध्यम से विवि के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



गोहाना। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्बोधित करते कुलपति प्रो . सुदेश।

## कार्यक्रम का उद्देश्य नई तकनीकों, और दक्षताओं से आपको परिचित कराना

कुलपति ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपके कार्यक्षेत्र में नई तकनीकों, आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों और दक्षताओं से आपको परिचित कराना है। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अशोक वर्मा, विवि कंप्यूटर सेंटर की निदेशक डॉ. सोनल बेनीवाल, ट्रेनिंग सेल के नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह व प्रशिक्षक सुनील कुमार मौजूद रहे।

# साइबर सुरक्षा के सिद्धांतों को समझना जरूरी

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान, अभियांत्रिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से इंजीनियरिंग दिवस पर साइबर सुरक्षा जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मार्गदर्शन विवि के सिस्को नोडल अधिकारी डॉ. विनोद सरोहा का रहा। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी आवश्यकता नहीं बल्कि हमारी व्यक्तिगत, शैक्षणिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के दुरुपयोग से कई गंभीर खतरे भी उत्पन्न हुए हैं इसलिए साइबर सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझें। संवाद

# एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान में 'आयुर्वेद के लिए दौड़' का आयोजन

गोहाना, 16 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयुर्वेद के लिए दौड़ का आयोजन किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। यह पद्धति केवल रोग निदान के लिए ही नहीं है बल्कि रोगों से बचाव के लिए भी कारगार है। आज समस्त विश्व भारत की आयुर्वेद पद्धति का अनुकरण कर रहा है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. ए पी नायक ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अध्यापकों, कर्मचारियों, छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. नायक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक आयुर्वेद के महत्व को पहुंचाना एवं आमजन को स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. शोभा, डॉ. वीना, डॉ. पंकज एवं डॉ. अनिल द्वारा किया गया।



आयुर्वेद के लिए दौड़ में दौड़ते आयुर्वेद संस्थान के शिक्षक व छात्राएं।

# बीपीएस विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान का आयोजन

गोहाना, 16 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग व



छात्राओं को संबोधित करते प्रो. रामपाल।

राजनीति विज्ञान विभाग में आज अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की प्राचार्य प्रो. (डा.) सुषमा जोशी द्वारा की गई। उन्होंने लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की और कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रामपाल ने अपने संबोधन में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने तथा युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यत: लोकतंत्र के सिद्धांत-समानता, स्वतंत्रता, संयोगिता एवं जवाबदेही पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता रानी रही ।

# गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ : कुलपति

गोहाना, 16 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज से गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसकी अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। आज उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार अध्यापक शिक्षण और अनुसंधान कार्यों के माध्यम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करते हैं, उसी प्रकार आप सब प्रशासनिक, प्रबंधकीय और तकनीकी जिम्मेदारियों के माध्यम से विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलपति ने कहा कि यह केवल औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है, बल्कि यह अवसर है स्वयं को और अधिक कुशल, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने का।



कार्यशाला को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. सुदेश।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

गोहाना, 16 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंजीनियरिंग दिवस के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के सिस्को-नोडल अधिकारी डॉ. विनोद सरोहा के मार्गदर्शन में सिस्को नेटवर्किंग अकादमी तथा एन आई आई टी टेक्नोलॉजीज के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने शिरकत कर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा, शिक्षक तथा कर्मचारी के लिए यह आवश्यक है कि वे साइबर सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझें और उनका पालन करें। सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना, संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करना और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहना-ये सभी हमारी सुरक्षा की पहली सीढ़ियां हैं। कार्यशाला में सिस्को के साइबर सुरक्षा प्रशिक्षक गोविंद शर्मा एवं स्टूडेंट एंगेजमेंट ऑफिसर मिस सुमन मोंडल ने बतौर प्रशिक्षक छात्राओं को साइबर सुरक्षा के हर पहलू पर जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन बीटेक सी एस ई अंतिम वर्ष की छात्राएँ तानिशा एवं आस्था ने किया।